तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 30 दिसंबर 2023

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 टेंडर में गड़बड़ी की शिकायत, मेडिकल कॉलेज के डीन को थमाया नोटिस




## खबर संक्षेप

### लोकसभा चुनाव से पूर्व होगी युवा मोर्चा की बैठक

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाना जरूरी है। प्रदेश कार्य समिति की बैठक के बाद अब सभी जिलों में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं की बैठक होगी। इसकी शुरुआत जिले से हो रही है। इस बैठक में जिलाध्यक्ष पंकज सोनी, नरेंद्र देवांगन, अनूप यादव के अलावा जिला कार्यसमिति के सदस्य शामिल होंगे। इसके अलावा प्रदेश कार्यसमिति के प्रीति स्वर्णकार, अजय कंवर, उत्तम रंधावा, सुभाष राठौर, दीक्षित देवांगन, मुकेश साहू, विकास झा भी बैठक में शामिल होंगे। मंडल अध्यक्ष परविंदर सिंह, धनंजय चौहान, रामायण राठिया, समजीत सिंह, रूपेश डिक्सेना, जय गर्ग, अनुराग दुहलानी, पिंकू रंजन, किशन साव, प्रकाश यादव सहित मंडलों के अध्यक्ष व महामंत्री बैठक में शामिल होने अपील की गई है।

### लालघाट में भागवत कथा का होगा आयोजन

**कोरबा।** लालघाट वार्ड क्रमांक 34 नया रिस्दा में मोहन साहू के परिवार द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कृश्नी राठौर, सुकान्ती वैस्णव, शान्ती साहू, सुनंदा साहू, पियुशी साहू, उमेश साहू एवं वार्डवासी ने आसपास के लोगों को भागवत कथा में शामिल होकर पुण्य का लाभ लेने अपील की है।

### सामूहिक भागवत कथा की तैयारी शुरु

**कटघोरा।** श्याम मित्र मंडल द्वारा सामूहिक गया भागवत कथा के आयोजन की तैयारी की जा रही है। जिसके लिए समिति का गठन किय गया है। कमेटी में अध्यक्ष रोहिणी सुलतानिया, कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सचिव विमल मोदी बनाए गए हैं। कार्यक्रम के लिए प्रभारियों की भी नियुक्ति की गई है। जिसमें सतीश छपारिया, श्रीमती गिरजा सुलतानिया, सौरभ अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, भीखम केडिया, अनिता सिंघल, श्रीमती रीता गुप्ता, सुनील अग्रवाल एवं मनोज किरोड़ी शामिल हैं। कथा का आयोजन श्याम मंदिर कोरबा में 7 सितंबर को किया जाएगा।

### पुलिस के जनचौपाल से लोगों को मिल रहा लाभ

**कोरबा।** पुलिस अधिकारी संवेदनशील क्षेत्रों में जाकर जन चौपाल का आयोजन कर रहे हैं। यहां बस्ती के लोगों को एकत्रित कर उनसे उनकी पुलिस से जुड़ी समस्याएं जानी जा रही हैं। आपसी विवाद, नशेड़ियों का आतंक और नशीली वस्तुओं के बिकने की शिकायत आम है। बुधवार को किसी थाना या चौकी में पहुंचकर निरीक्षण करते हैं वहीं उनके मातहत अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के किसी न किसी संवेदनशील इलाके में जाकर जनचौपाल का आयोजन कर रहे हैं। इसी कड़ी में कोतवाली पुलिस ने मोतीसागरपारा में जन चौपाल लगाई। जहां लोगों ने शराब गांजा बिकने और नशेड़ियों के आतंक की शिकायत की कोतवाली प्रभारी और बस्ती के जागरूक लोगों ने सबसे आग्रह किया कि वह अपने अधिकार के साथ कर्तव्य को भी समझें और व्यवस्था बनाए रखने में अपनी भूमिका अवश्य निभाएं।

### रासेयो के बिंझरा इकाई ने ग्राम भांवर में चलाया स्वच्छता अभियान

**कोरबा।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बिंझरा की सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत भांवर के प्राथमिक शाला भंवर प्रांगण में 15 दिसंबर से प्रारंभ होकर 21 दिसंबर तक चला। जिसमें शिविर के नियमानुसार समय सारणी के अनुरूप विभिन्न कार्यक्रम संपादित किए गए। भौतिक परिचर्चा में मेडिकल कैरियर गाइडेंस साइबर अवेयरनेस बालिका शिक्षा स्वच्छता एवं पोषण आहार विभिन्न विषयों पर बौद्धिक विद्वानों द्वारा विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए गए प्रयोजना कार्य में बाजार तालाब विद्यालय परिसर गांव के चौक चौराहे एवं बाउंड्रीवॉल में की सफाई एवं पुताई का काम करके दीवार लेखन का कार्य किया गया।

# जंगल में आस्था के केंद्र, वन विभाग 125 स्थान में तैयार करेगा देवगुड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**अलग खबर**

वनांचल क्षेत्र में कई ऐसे स्थान हैं जिस स्थल को क्षेत्र के ग्रामीण देवता के रूप में पूजते हैं और उन पर अटूट आस्था रखते हैं इन स्थानों पर छोटे-छोटे मंदिर बने हुए हैं या फिर झंडा लगाकर ही इन स्थलों पर ग्रामीण पहुंचकर पूजा अर्चना करते हैं। ऐसे स्थानों को अब संवारने के लिए राज्य सरकार ने पहल की है। ऐसे स्थानों को देवगुड़ी के रूप में विकसित करने का फैसला राज्य शासन ने लिया है। जिसके लिए वन विभाग ने जंगल जंगल घूम कर ऐसे स्थलों का सर्वे शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि जिले के कोरबा वनमंडल में कुल 125 स्थान को देवगुड़ी के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए वन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।

## विभिन्न वन परिक्षेत्रों में किया जाना है निर्माण कार्य

**खास बातें**

- वन विभाग द्वारा कराया जा रहा है सर्वे
- आने वाले महीनों में शुरु होगा विकसित करने का काम



**कराया जा रहा है सर्वे**

कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत आने वाले कई ऐसे स्थान हैं। जिसे ग्रामीण देवता के रूप में पूजते हैं। इन स्थानों को देवगुड़ी के रूप में विकसित किया जाना है। जिसके लिए राज्य शासन के निर्देश पर वन विभाग द्वारा सर्वे शुरू कर दिया गया है जिसके बाद इन स्थलों को बेहतर ढंग से देवगुड़ी के रूप में तैयार किया जाएगा।

- **कुमार निशांत,** वनमंडलाधिकारी कटघोरा

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा और कटघोरा वनमंडल में दर्जनों जंगल में ऐसे स्थान हैं। जहां ग्रामीण अपने शुभ कार्य की शुरुआत उन स्थलों में जाकर ही करते हैं और चाहे वह शादी ब्याह हो या फिर अन्य किसी तरह का शुभ कार्य इन स्थलों पर गांव के लोग पहुंचते हैं और उन स्थानों पर पूजा अर्चना करते हैं। साथ ही वनांचल क्षेत्र में ऐसे कई स्थल हैं जिसे राज्य सरकार ने देवगुड़ी के रूप में विकसित करने का निर्देश जारी किया गया है। इस कड़ी में जिले के कोरबा व कटघोरा वनमंडल में किन-किन स्थलों में देवगुड़ी के रूप में विकसित करना है इसके लिए वन विभाग द्वारा सर्वे का काम शुरू कर दिया गया है। प्रारंभिक तौर पर जो जानकारी सामने आ रही है उसके मुताबिक जिले के कोरबा और कटघोरा वनमंडल में कुल 125 ऐसे स्थान हैं जहां जंगल में छोटे-छोटे मंदिर या झंडा लगाकर लोग पूजा अर्चना करते हैं अब इस स्थल का सर्वे किया जा रहा है और उसे वन विभाग द्वारा पर्यटन केंद्र के रूप में बेहतर ⏭ शेष पेज 3 पर

## 700 आंगनबाड़ी केन्द्रों को सक्षम बनाने की हुई तैयारी

# भवन जर्जर, अब सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र बनाने की आ गई योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के 343 जर्जर आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुधारने के प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं दी गई और अब 700 आंगनबाड़ी केन्द्रों को सक्षम बनाए जाने की योजना तैयार कर ली गई और इसके निर्देश भी विभाग को जारी कर दिए गए। स्थिति यह है कि किस परियोजना के अंतर्गत कितने आंगनबाड़ी केन्द्रों को सक्षम बनाया जाएगा और वहां क्या-क्या व्यवस्था

**खास बात**

- जिले में 343 जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र का नहीं हुआ जीर्णोद्धार

रहेगी इसका विवरण भी जारी कर दिया गया है। किंतु शेड के नीचे बैठ रहे नौनिहालों को सर्वसुविधायुक्त नया भवन देने का प्रस्ताव फाईलों में रह गया।

जिले का महिला एवं बाल विकास विभाग अपने कार्यों को लेकर हमेशा चर्चा में रहा है। कभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में सामानों की सप्लाई तो कभी कार्यकर्ता सहायिकाओं की भर्ती को लेकर तो कभी आंगनबाड़ी केन्द्रों के जर्जर होने को लेकर इन सभी मामलों में महिला एवं बाल विकास विभाग हमेशा चर्चाओं में शुमार रहा है। जिले की 10 परियोजनाओं के अंतर्गत 2650 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन संचालित हैं। इन केन्द्रों में ⏭ शेष पेज 3 पर



फाइल फोटो

**आयी है योजना, किया जाएगा कार्य**

जिले के 700 आंगनबाड़ी केन्द्रों को समक्ष आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में विकासित किए जाने के निर्देश शासन से मिले हैं। आंगनबाड़ी को समक्ष केन्द्र केन्द्र के रूप में विकसित करने की योजना पर कार्य शुरू होगा। सक्षम केन्द्रों में सभी सुविधाएं रहेंगी। योजना पर कार्य शुरू किए जाने की तैयारी की जा रही है।

- **विजय अग्रवाल**
प्रभारी एवं परियोजना अधिकारी, मबावि

**इन परियोजनाओं के केन्द्र बनेंगे सक्षम**

| परियोजना | केन्द्र की संख्या |
| --- | --- |
| कोरबा (शहरी) | 51 |
| कोरबा (ग्रामीण) | 100 |
| करतला | 75 |
| बरपाली | 50 |
| पाली | 140 |
| कटघोरा | 186 |
| पोड़ी-उपरोड़ा | 42 |
| चोटिया | 66 |
| पसान | 40 |
| हरदीबाजार | 50 |

**ये रहेंगे सुविधाएं**

सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र में शासन से जो निर्देश आए हैं उसके अनुसार बिजली की व्यवस्था यहां दूरूस्त रहेगी। बच्चों के मनोरंजन के लिए छोटा एलईडी स्क्रीन लगाया जाएगा। प्रतिदिन बच्चों के वजन नापने का कार्य किया जाएगा और स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई जाएगी, पौधरोपण सभी केन्द्रों में किया जाएगा। शौचालय की व्यवस्था रहेगी, गार्डन भी बनाया जाएगा। बच्चों को एलईडी स्क्रीन के द्वारा कार्टून पिक्चर दिखाकर मनोरंजन भी किया जाएगा। खेलने के सामान उपलब्ध रहेंगे।

# राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है पर राम राज्य की प्रतिष्ठा के लिए हमें अभी लंबी यात्रा तय करनी होगी : हिमांशु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रजा को भी शासक के प्रति उतना ही संवेदनशील होना चाहिए जिस तरीके से अयोध्यावासी थे उनको लगा कि हमारे राजा को कोई तकलीफ या परेशानी तो नहीं है पर आज समाज में यह भाव पुरोहित हो गया है यह हमारे लिए समस्या है। हम हमारे लिए क्या होना चाहिए इसकी चिंता करते हैं।

उक्त बातें प्रेस क्लब तिलक भवन में शुक्रवार को आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह व जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह

**खास बात**

- प्रेस क्लब तिलक भवन में जनप्रतिनिधि व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी ने कही। उन्होंने कहा कि अगर हम राम राज्य की कल्पना करना चाहते हैं तो हमें स्वयं के संदर्भ के स्थान पर दूसरों के बारे में सोचना चाहिए। अगर स्वयं के संदर्भ में सोचने से पहले दूसरों के बारे में सोचना शुरु कर देंगे तो यह समस्या नहीं रहेगी।

अगर पत्रकार यह सोचना बंद कर दे कि इस खबर से हमें क्या मिलेगा बल्कि इस खबर से समाज को क्या मिलेगा अगर हम यह सोचना शुरु कर दें तो कोई कारण नहीं होगा जिससे कलम पर सवाल उठाया जाए। मेरा आग्रह इस बात से है कि हम अपने दायित्व को समझें हम स्वयं की जगह समाज की चिंता करें तो कोई कारण नहीं कि हम इस परिस्थिति को बदल पाएं आने वाले 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। राम राज्य की प्राण प्रतिष्ठा के लिए हमें अभी लंबी यात्रा तय करनी है। अगर हम उस यात्रा के सहभागी नहीं बन सके तो कम से कम उस गिलहरी की तरह अपनी सहभागिता निभाएं। रामसेतु के संदर्भ में जो कथा है वह आपके सामने इसलिए रख रखा हूं कि आप अपनी जिम्मेदारी निभा सकें। लंका पर आक्रमण के दौरान जब समुद्र मिलते हैं तब राम उनसे मनुहार करते हैं फिर रामसेतु का निर्माण शुरु किया जाता है। इस दौरान एक गिलहरी भी नजर आती है जिससे श्री राम पूछते हैं कि गिलहरी आप क्या कर रहे हैं तब झुंझलाते हुए गिलहरी ने जवाब दिया कि देख नहीं रहे सेतु बना रही हूं। ये सुनकर लक्ष्मण जी हंस देते हैं। श्री राम संजीदे व्यक्ति थे इसलिए उन्होंने गिलहरी से कहा कि बड़े बड़े वानर बड़े पत्थरों को लेकर पुल निर्माण में लगे हैं तो आपके इस दो कंकड़ से क्या होगा इस पर गिलहरी ने जवाब दिया कि राम महत्वपूर्ण यह नहीं है कि मेरे दो कंकड़ डालने से क्या होगा? महत्वपूर्ण बात यह है कि जब इतिहास लिखा जा रहा होगा तब कोई यह नहीं कहेगा कि जब सेतु निर्माण किया जा रहा था तब वहां एक गिलहरी मौजूद थी उसने क्या किया? एक लंबा संघर्ष जिसके लिए किया गया वह सपना आखिरकार साकार होने जा रहा है। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल व विशिष्ट अतिथि श्रीमती कविता शर्मा सहित वरिष्ठ पत्रकार व अन्य लोग उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि।

**आज के छात्र भविष्य का दर्पण : लखन**

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि प्रतिभा का सम्मान किया गया। आज के छात्र भविष्य का दर्पण हैं। आने वाले समय में प्रतिभावान छात्र छात्राएं ही समाज का प्रतिनिधित्व करेंगे और जिले के साथ राज्य व देश का नाम रौशन करेंगे। विशिष्ट अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि पत्रकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक सच्चाई को खबर के माध्यम से पहुंचाते हैं। पत्रकार देश का चौथा स्तंभ है। छात्र कल के नहीं आज के भविष्य हैं ऐसे प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान करना हमारे लिए गर्व की बात है। यही छात्र आने वाले दिनों में राज्य व देश की दिशा व दशा निर्धारित करेंगे।

# ट्रक चालक का रास्ता रोककर नकदी की लूट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक ट्रेलर चालक के साथ मारपीट कर बदमाशों ने 6 हजार रुपए, भाड़ा पर्ची और ड्राइविंग लाइसेंस लूट लिया। बताया जाता है कि चालक आसिफ अली ट्रेलर सीजी 12 एस 4548 लेकर कुसमुंडा की ओर जा रहा था। रात लगभग 2 बजे ट्रेलर को फोकटपारा हसदेव नदी पुल किनारे खड़ी कर सो गया था। सुबह 4 बजे आसिफ की नींद खुली। वह दिशा मैदान के लिए हसदेव नदी में

**खास बात**

- सर्वमंगला चौकी क्षेत्र के फोकटपारा के समीप हुई वारदात

चला गया। लौटते समय कुछ युवकों ने आसिफ को घेर लिया और आसिफ को बेल्ड, डंडा और हाथ मुक्कों से पीटा। जान बचाने के लिए आसिफ चिल्लाने लगा। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर



पहुंचे। आसिफ को छोडक़र बदमाश फरार हो गए। लूटेरों की पहचान लक्की महंत, आकाश सोनी और उसके साथियों से की गई है। सभी फोकटपारा के निवासी हैं। चालक आसिफ ने घटना की सूचना स्याहीमुड़ी में रहने वाले मालिक इमरान खान को किया। वह घटनास्थल पर पहुंचा। जिसके बाद आसिफ को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। चालक को गंभीर चोटें आई है। वाहन मालिक की रिपोर्ट पर पुलिस ने आकाश सोनी, लक्की महंत और उसके साथियों पर केस दर्ज किया है। इसकी जांच कर रही है। गिरफ्तारी के लिए तलाश कर रही है।

# विद्युत कंपनी के कर्मचारियों को बोनस और डीए के आदेश शीघ्र होंगे जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के महामंत्री नवरतन बरेठ ने बताया कि 29 दिसंबर को महासंघ के अध्यक्ष बलदाऊ सिंह राजपुत के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने ट्रांसमिशन डिस्ट्रिब्यूशन कम्पनी के नव नियुक्त प्रबंध निदेशक मनोज खरे से सौजन्य मुलाकात



की। महासंघ ने प्रबंध निदेशक से दीपावली बोनस और महंगाई भत्ता के लम्बित आदेश के संबंध में ध्यानाकृष्ट कराया। जिसपर प्रबंध निदेशक मनोज खरे ने शीघ्र ही आदेश जारी कर दिए जाने का आश्वासन दिया है। इसके अतिरिक्त महासंघ ने पदोन्नति, संविदा नियमितीकरण सहित अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हेतु समय प्रदान करने के अनुरोध पर बैठक बुलाने पर सहमति दी। महासंघ प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष बीएस राजपूत, संयुक्त महामंत्री नेहरू कश्यप, राष्ट्रीय पदाधिकारी अरुण देवांगन, मनोज शर्मा आदि उपस्थित थे।

## गांव के शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार के लिए दी जानी थी दुकानें

# विवादों में पड़ी अटल व्यावसायिक बाजार की दुकानें, नहीं हुआ आबंटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षित बेरोजगार युवकों को स्वराजगार देने के उद्देश्य से बड़ी ग्राम पंचायतों में अटल व्यवसायिक परिसर योजना अंतर्गत एक छोटा व्यवसायिक काम्पलेक्स का निर्माण किया गया था, ताकि ग्राम पंचायत एवं उसके आश्रित ग्राम के युवाओं को स्वरोजगार दिया जा सके, इस योजना के अंतर्गत 32 बड़ी ग्राम पंचायतों में 10 दुकान वाले व्यवसायिक काम्पलेक्स का निर्माण किया गया था, जिसमें विवाद के कारण आबंटन नहीं हो सका। ऐसे व्यवसायिक परिसर की


ग्राम पंचायत रजगामार में निर्मित अटल व्यवसायिक परिसर।

संख्या 8 बताई जा रही है। कुछ पंचायतों में दुकानों पर ही कब्जा कर लिया गया।

शासन के नियमों के तहत बनाए गए व्यवसायिक काम्पलेक्स का आबंटन किया जाना था। उन नियमों का पालन जिला पंचायत के द्वारा जारी दिशा निर्देश के तहत के अधिकारियों की उपस्थिति में पंचायत मुख्यालयों में ही किया जाना था। जिसमें एससी, एसटी, ओबीसी व अन्य वर्ग के लिए भी दुकानें आरक्षित थी, किंतु कुछ बड़ी ग्राम पंचायतों में इन नियमों के तहत आबंटन तो किया गया। वहीं 8 ग्राम पंचायत ऐसी सामने आई जहां अटल व्यवसायिक परिसर विवादों में आज पर्यंत तक पड़ा हुआ है। आलम यह है कि देखरेख के अभाव में दुकानें पूरी तरह से जर्जर हो गई है और अब तक कोई हितग्राही इन दुकानों का आधिपत्य प्राप्त करता है तो उसे दुकानों की हालत सुधारने एक बड़ी राशि खर्च करनी पड़ जाएगी। पंचायत को शासन स्तर से दुकानों के मरम्मत हेतु कोई राशि नहीं जारी की गई है। यही कारण है कि दुकानों का मरम्मत का काम ठप पड़ा हुआ है। यह हाल जिला मुख्यालय से महज 20 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत रजगामार में देखा जा सकता है। ⏭ शेष पेज 3 पर

**पाली व करतला ब्लॉक में दुकानों का आबंटन**

जिले के पाली व करतला विकासखंड अंतर्गत बड़ी ग्राम पंचायतों में अटल व्यवसायिक परिसर बनाए गए हैं। पाली ब्लॉक अंतर्गत डूमाडीह एवं बक्साही तथा करतला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत करतला व नोनबिर्रा ग्राम पंचायत में अटल व्यवसायिक परिसर का निर्माण करने के साथ ही वहां दुकानों का आबंटन कर दिया गया है और यहां एक व्यवसायिक माहौल भी तैयार हो चुका है। अटल व्यवसायिक परिसर का निर्माण पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक मुख्यालय में भी किया गया है। यहां भी आबंटन की प्रक्रिया विवादों में पड़ी हुई है। ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पसान में अटल व्यवसायी परिसर बनाए जाने की मांग की गई थी वह भी पूरी नहीं हो सकी।

### वृद्धा पेंशन का नहीं मिल रहा लाभ

**कोरबा।** सर्वे सूची में नाम नहीं होने का हवाला देकर बुजुर्ग को वृद्धा पेंशन का लाभ नहीं दिया जा रहा है। पेंशन के लिए बुजुर्ग भटकने मजबूर हैं। कोसमंदा निवासी 85 वर्ष हरिराम सूर्यवंशी ने बताया कि वे हर चुनाव में मतदान करने के लिए जाते हैं और वह मतदान लिस्ट में उनका नाम आता है बावजूद इसके उनका नाम सर्वे लिस्ट में नाम नहीं है। अपने परेशानी से कई बार ग्राम पंचायत को सूचना दे चुके हैं बावजूद भी वृद्धा पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा। इस तरह की परेशानी से गांव में कई लोग जूझ रहे हैं। जिनका 2011 और 2007 की सर्वे लिस्ट में नाम नहीं है। जबकि वे सभी लोग मतदान करने जाते हैं तो वह लिस्ट और उनके सर्वे लिस्ट अलग-अलग है। सर्वे सूची में नाम नहीं होने के चलते पीएम आवास योजना का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है।

## खबर संक्षेप

### स्कूल गेम्स में सोनिका ने जीता गोल्ड मेडल



**सूरजपुर।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा आयोजित की गई प्रतियोगिता के दौरान 1500 मीटर दौड़ में जिले की कुमारी सोनिका राजवाड़े ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। प्रतियोगिता के दौरान छात्रा ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम रौशन किया है। बताया जा रहा है कि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर में अध्ययनरत छात्रा कुमारी सोनिका राजवाड़े को जिला प्रशासन की पहल से भोपाल के स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया (एसएआई ) में सीधे प्रवेश दिलाया गया था। जिसके सुखद परिणाम आज जिले को प्राप्त हुए है। प्राप्त जनकारी के अनुसार स्कूल गेमस फेडरेशन ऑफ इण्डिया (एसजीएफआई) द्वारा आयोजित दौड प्रतियोगिता में कुमारी सोनिका राजवाड़े ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। यह पदक उसने 1500 मीटर की दौड में हासिल किया है। जिससे न केवल सूरजपुर अपितु संभाग व राज्य का नाम भी गौरवान्तित हु आ है।

### कोरोना को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए दिशा निर्देश

**सूरजपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार भारत के केरल राज्य में पाये गए नये कोरोना वायरस (जे.एन.-1) के फैलाव होने के कारण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सिंह ने दिशा-निर्देश जारी किया है। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में कोविड के संक्रमण का कोई मामला नहीं है। जिले में समस्त स्वास्थ्य केंद्रों में कोविड जांच की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। सर्दी, बुखार, खांसी या सांस में तकलीफ होने पर नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या जिला चिकित्सालय में उपस्थित होकर जांच एवं उपचार करावें।

## संभाग मुख्यालय के निकट हाथियों की मौजूदगी से मची खलबली

# रास्ता बाधित करने के कारण 27 हाथियों का दल पहुंचा गजाडांड़ जंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लुण्ड्रा वन परिक्षेत्र अंतर्गत दोरना, डांड़गांव के रास्ते जशपुर सहित बादल खोल अभ्यारण्य की ओर बढ़ रहे 27 हाथियों के शहर के निकट गजाडांड़ जंगल में पहुंचने से वन अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। गजाडांड़ जंगल शहर से मात्र 12 किमी दूर है। ग्रामीणों ने पूर्व की तरह हाथियों का रास्ता बाधित किया तो हाथी कभी भी शहर की सीमा में पहुंच कर प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर सकते हैं।

**खास बात**

- ग्रामीणों ने रास्ता रोका तो हाथी पहुंच सकते हैं खैरबार एवं महामाया पहाड़

लम्बे समय से प्रतापपुर जंगल में भ्रमण करने के बाद 28 हाथियों का दल राजपुर जंगल के रास्ते जशपुर जाने के लिए निकला था। इस दौरान करंट की चपेट में आने से एक दंतैल की मौत हो गई थी। एक सप्ताह तक भारी तबाही मचाने के बाद हाथी पिछले तीन दिनों से दोरना डांड़गांव के रास्ते चितालता जंगल की ओर जाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा लगातार रास्ता बाधित करने के कारण हाथी वापस लौट जा रहे थे। बीती रात हाथी ग्राम असकला के रास्ते आगे जा रहे थे लेकिन बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र होकर पटाखा फोड़ने लगे। ग्रामीणों द्वारा रास्ता बाधित करने के कारण हाथियों ने अपना मार्ग बदल दिया तथा गंगापुर व बेलकोटा के रास्ते चेंद्रा जंगल में पहुंच गए। चेंद्रा जंगल में पहुंचने के बाद हाथियों ने आसपास के क्षेत्रों में गन्ना खाकर अपनी भूख मिटाई। हाथियों ने एनएच 43 से सटे पर्यटन स्थल रनघाघ नर्सरी का भ्रमण किया एवं पार्क में पर्यटकों के मनोरंजन के लिए लगे झूला को तोड़ दिया। पार्क में काफी देर तक घूमने एवं झरना में जलक्रीड़ा करने के उपरांत हाथी गजाडांड़ जंगल में चले गए। हाथियों के शहर के निकट पहुंचने की सूचना पर वनकर्मियों में खलबली मच गई। आनन-फानन में अधिकारी गजाडांड़ पहुंचे एवं हाथियों को नियंत्रित करने की योजना बनाई। वन अधिकारियों का कहना है कि हाथियों के गंगापुर, ऊंचडीह, बेलकोटा एवं सीतापुर अंतर्गत सलेयाडीह के रास्ते आगे जाने की संभावना है। ग्रामीणों द्वारा रास्ता बाधित करने पर हाथियों के वापस दोरना जंगल की ओर वापस लौटने अथवा शहर से सटे ग्राम पंचायत खैरबार, महामाया पहाड़ एवं कांतिप्रकाशपुर, मानिकप्रकाशपुर की ओर जाने की ओर जाने से इंकार नहीं किया जा सकता।



### पुलिस कर्मियों को किया गया तैनात

ग्रामीणों द्वारा हाथियों का रास्ता बाधित करने की संभावना पर विभाग ने अम्बिकापुर एवं धौरपुर रेंज के वनकर्मियों को हाथियों की निगरानी के लिए तैनात किया है। खतरे को देखते हुए विभाग ने पुलिस की भी मदद ली है। गजाडांड़ में बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। इस दौरान मामूली सी चूक भी खतरनाक हो सकता है। हाथी शहर के निकट पहुंचे तो बड़े खतरे की स्थिति निर्मित हो सकती है।

### रास्ता रोकने के कारण फसल की क्षति

बड़ा दल होने के कारण हाथी हर दिन 10 एकड़ से अधिक फसल को तबाह कर रहे हैं। विभाग द्वारा आपदा प्रबंधन के तहत हाथियों से हुई फसल क्षति पर आर्थिक अनुदान क्षतिपूर्ति का भी भुगतान किया जा रहा है लेकिन क्षतिपूर्ति राशि बेहद कम होने के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। हाथियों द्वारा लगातार गन्ने की फसल तबाह करने के कारण किसानों में भारी नाराजगी है। इधर ग्रामीणों द्वारा लगातार रास्ता बाधित करने के कारण हाथी भी आक्रोशित हैं। बीती रात हाथियों ने ग्राम बुलगा, दोरना, डांड़गांव एवं खाल पोड़ी में घुसने की कई बार कोशिश की। वनकर्मियों ने गजराज वाहन की मदद से कड़ी मशक्कत कर खेतों की ओर खदेड़ा। लगातार रास्ता बाधित करने के कारण आक्रोशित हाथी तोड़-फोड़ मचाने के साथ ही जनहानि भी कर सकते हैं।

### रखी जा रही नजर

हाथियों को उनके मार्ग पर निर्बाध अग्रसर रहने के लिए हर संभव पहल की जा रही है। हाथियों का रास्ता बाधित करने के प्रयासों को रोकने के लिए अम्बिकापुर एवं धौरपुर रेंज के कर्मचारियों को तैनात किया गया है। पुलिस बल की भी मदद ली गई है।

-मेरी ग्रेस कुजूर
उप वन मंडलाधिकारी, अम्बिकापुर



कार्रवाई करते अधिकारी।

# प्रशासनिक टीम ने पकड़ा दो पिकअप धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

कलेक्टर के निर्देशन व एसडीएम के मार्गदर्शन में ग्राम बंजा व जुर में शुक्रवार की सुबह अवैध धान को समिति में खपाने के लिए ले जा रहे दो पिकअप वाहन को तहसीलदार समीर शर्मा ने पकड़ा। धान खपाने के प्रयास में जुटे बिचौलियों को रोकने के लिए एसडीएम सागर सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया है। शुक्रवार को समिति में अवैध रूप से धान खपाने के लिए ले जा रहे पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 15 एसी 2083 में 56 बोरी धान ग्राम बंजा से जुर की ओर ले जा रहा था जिसे तहसीलदार ने रोका। साथ ही जब धान से संबंधित दस्तावेज दिखाने की मांग की तो चालक द्वारा किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज नहीं दिखाया गया। वहीं दूसरी ओर ग्राम जुर में 50 बोरी धान से लदे पिकअप क्रमांक सीजी 15 एसी 1294 को तहसीलदार ने रोककर पूछताछ की जिस पर पिकअप चालक ने बताया कि धान को रामानुजनगर से भैयाथान की ओर लेकर जा रहा था। पिकअप रामानुजनगर क्षेत्र निवासी दीपेश साहू का बताया जा रहा है। पिकअप चालक के पास उक्त धान से संबंधित किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज नहीं था जिस पर तहसीलदार ने धान से लदे दोनों पिकअप को जब्त कर कार्यवाही करते हुये बसदेई चौकी को सुपुर्द किया है। कार्रवाई से क्षेत्र के धान बिचौलियों में हड़कंप मचा हुआ है। कार्रवाई के दौरान पटवारी सुशिल तिवारी, गिरधर ठकुरिया, अखिलेश सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

- समिति में खपाने लेकर जा रहे धान

# जिस पेड़ को काट रहा था ग्रामीण उसी के नीचे दबने से हुई मौत

**अम्बिकापुर(** मौत कब और किस रूप में आ जाए इसका कोई ठिकाना नहीं है। मैनपाट के सीमावर्ती ढोलपखना जंगल में एक ग्रामीण जिस पेड़ को काटने के लिए घंटों पसीना बहाया, आराम करने के दौरान उसी पेड़ के नीचे दबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस और परिजन के मुताबिक ग्राम परपटिया के ढोलपखना निवासी सुंदर मझवार पिता रोंगो मझवार (50 वर्ष) बुधवार को पड़ोसी ग्राम पनही पखना में अपने खेत की ओर गया था। मौत उसका इंतजार कर रही थी। खेत घूमने के बाद अचानक उसने खेत से सटे एक बड़े साल पेड़ को काटने की योजना बना टांगी से पेड़ को काटना शुरू कर दिया। पेड का तना काफी मोटा था, जिसे वह आधा काटने के बाद थक कर चूर हो गया और उसी पेड़ की छांव में लेट गया। इसी बीच हवा चलने लगी और पेड़ उसके ऊपर गिर गया। विशाल पेड़ के नीचे दबने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। काफी देर बाद वह घर नहीं पहुंचा तो परिजन उसे तलाशने निकले तथा खेत के पास पहुंचे तो नजारा देख चौंक गए।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** घरघोड़ से घर लौट रहे बाइक सवार युवक को पीछे से आ रहे ट्रक के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार चंदौरा निवासी अनुज पैकरा आ. दिनेश पैकरा (24 वर्ष) गत दिन किसी काम के सिलसिले में ग्राम घरघोड़ा गया था। युवक शाम को वापस घर लौटने लगा और जैसे ही चंदोरा के समीप पहुंचा तभी पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक आरजे 14 जीजे 5743 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी।

# ट्रक की चपेट में आकर घायल दूसरे युवक ने भी तोड़ा दम

**अम्बिकापुर।** ट्रक की चपेट में आकर घायल हुए दूसरे बाइक सवार युवक की भी मौत हो गई। घायल युवक को बतौली से अंबिकापुर रिफर किया गया था जहां परिजन द्वारा उसे मिशन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लिया है। बता दें कि गुरुवार की शाम बतौली अंतर्गत ग्राम जूनापारा मंगारी निवासी 33 वर्षीय बाबूलाल आ. सुखदेव अपने दोस्त 36 वर्षीय जयमल आ. स्व. मुगता के साथ बाइक क्रमांक सीजी 17 ओएफ 5800 से वापस घर लौट रहा था। इस दौरान सेदम पुलिया के समीप पीछे से आ रहे टाटा मैजिक वाहन क्रमांक सीजी 15 डीयू 2632 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। इसी बीच अंबिकापुर की ओर आ रहे ट्रक क्रमांक एनएल 01 जी 2099 के सड़क पर पड़े युवकों को कुचल दिया था। इस घटना में बाबूलाल की मौके पर ही मौत हो गई थी जबक जयमल को गंभीर हालत में बतौली से रिफर कर दिया गया था। परिजन युवक को गंभीर हालत में लेकर मिशन हॉस्पिटल पहुंचे थे जहां अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद जयमल को भी मृत घोषित कर दिया।

- सेदम पुलिया के समीप हुई थी घटना



## खबर संक्षेप



### स्वस्थ्य शरीर के लिए खेलकूद आवश्यक : लखन

**कोरबा।** सीएसईबी कोरबा फुटबॉल ग्राउंड में विकासखंड स्तरीय क्रिकेट कप प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला करतला ब्लॉक एवं पाली ब्लॉक के मध्य खेला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन उपस्थित रहे। प्रतियोगिता जिले के ब्लाक स्तरीय समस्त शिक्षकों के ग्रुप के मध्य खेला गया। फाइनल मुकाबला पाली एवं करतला के मध्य खेला गया। पाली की टीम ने निर्धारित 12 ओव्हर में 143 रनों का लक्ष्य रखा, जिसमें करतला की टीम 103 रनों पर आल आउट हो गई। इस तरह से पाली की टीम ने फाइनल विजेता बनी। कार्यक्रम में मंत्री लखनलाल देवांगन ने सभी प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर स्वस्थ मस्तिष्क के लिए किक्रेट खेलकूद महत्वपूर्ण और आवश्यक है। कोई भी खेल हो खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। हम सभी एक ही जिले के निवासी हैं इससे आपसी सामंजस्य सहयोग व भाईचारा बनी रहती है खेल में हार जीत तो लगी रहती है जो टीम बेहतर प्रदर्शन करती है वह विजेता बनती है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी भारद्वाज, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, जिला महामंत्री नरेंद्र देवांगन, नरेंद्र पाटनवार, राधे लाल यादव, पार्षद अब्दुल रहमान, मुकेश बग्गा, भागवत विश्वकर्मा, मनोज यादव, अनिल यादव, दीपक जायसवाल, रामकुमार राठौर, नवीन ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

### योजनाओं का लाभ उठाने शिविर में लोगों की उमड़ रही भीड़



**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत निरंतर विकासखंड कटघोरा के ग्राम देवगांव और कोलिहामुड़ा में विकासखंड कोरबा के ग्राम बड़गांव, सुर्वे कुदरीचिंगार, विमलता, पोडी उपरोडा ब्लॉक के खिरटी, अरसिया में, करतला विकासखंड के सेंद्रीपाली तथा केराकछार में, विकासखंड पाली के ग्राम सेंद्रीपाली और रंगोले में शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने एवं योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के वाहन के पहुंचने पर ग्रामीण द्वारा स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत हितग्राहियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ के संबंध में अपने अनुभव साझा करते हुए आमजनों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। शिविर में उपस्थित अधिकारियों द्वारा आम नागरिकों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। यहां उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जाँच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई।

### चैनपुर में विकसित भारत संकल्प शिविर का हुआ आयोजन



**कोरबा।** पीएम नरेन्द्र मोदी की की गारंटी प्रचार वाहन रथ तय कार्यक्रम के अनुसार गांव में पहुंच रही है। इस दौरान विकसित भारत संकल्प शिविर का आयोजन से केंद्र की योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। इसी के तहत ग्राम पंचायत चैनपुर जनपद पंचायत पाली में किया गया। इस सिविर के आयोजन से ग्रामीण भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। केंद्र सरकार की जुड़ी योजनाओं के बारे में लाभ ले रहे हैं। पीएम आवास योजना उज्ज्वला योजना कि जानकारी ग्रामीण को दी जा रही है। अनेक पात्र हितग्राही योजना के लाभ लेने आवेदन भी कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य अनिल टंडन, सरपंच मीना जगत, उपसरपंच गणेश श्याम, जनपद पंचायत पाली के करारोपण अधिकारी प्रधान एवं शासकीय विभाग के अधिकारी कर्मचारी ग्रामीण एवं पंच उमा सिरम, अनीता सूर्यवंशी, रविंद्र जगत, धर्मेंद्र राठौर, पूनम अहीर, जेपी तिवारौ, कुसुम, राजू सूर्यवंशी, लोचन, सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

## समिति प्रबंधक ने किसान की शिकायत पर तत्काल लिया संज्ञान

# भैसमा धान खरीदी केन्द्र में व्यापारी के धान पहुंचने की सूचना पर हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के भैसमा धान खरीदी केन्द्र में शुक्रवार की सुबह खरीदी शुरू होने के दौरान पिकअप और ट्रेक्टर में धान बिक्री के लिए किसान पहुंचे हुए थे। उसी दौरान समिति प्रबंधक को एक किसान के द्वारा पिकअप में लोड धान को व्यापारी का होना

**खास बात**

- खाद्य निरीक्षक ने मामले की किसान के घर पहुंचकर किया भौतिक सत्यापन

बताया गया। मामले पर तत्काल संज्ञान लेते हुए समिति प्रबंधक ने पिकअप में लोड धान की खरीदी रोक दी और इसकी सूचना निगरानी दल के सदस्य खाद्य निरीक्षक को दी, जिस पर खाद्य निरीक्षक ने समिति में पहुंचकर संबंधित किसान के घर पहुंचकर भौतिक सत्यापन की कार्यवाही की।

इस मामले में मिली जानकारी के अनुसार भैसमा धान खरीदी केन्द्र में दो गाड़ियां धान लेकर पहुंची थी। धान की ज्यादा आवक होने के कारण वहां बड़ी संख्या में किसान भी मौजूद थे। इस दौरान पिकअप में लोड धान के संबंध में एक किसान के द्वारा धान को व्यापारी का होना बताया और इसे बिचौलिए के माध्यम से बेचे जाने की जानकारी समिति प्रबंधक को दी। जिस पर समिति प्रबंधक द्वारा तत्काल कुछ अधिकारियों को अवगत कराते हुए जांच की कार्यवाही होने तक लोड धान को खरीदने से रोक लगा दी। समिति प्रबंधक द्वारा इसकी सूचना खाद्य निरीक्षक उर्मिला गुप्ता को दी गई। मौके पर पहुंची खाद्य निरीक्षक ने धान के संबंध में पूरी जानकारी लेते हुए लाए गए धान की खरीदी रोकने के निर्देश देते हुए जिस किसान द्वारा धान को बिक्री के लिए लाया गया था। उक्त किसान के घर जाकर धान के संबंध में भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने मंडी में गए धान को घर से ही ले जाना बताया। जांच पड़ताल पश्चात खाद्य निरीक्षक उर्मिला गुप्ता समिति वापस पहुंचकर पूरे पंचनामे की कार्यवाही की और मौके पर रोके गए धान की खरीदी के निर्देश दिए।



धान लेकर भैसमा मंडी पहुंचा वाहन।

**भौतिक सत्यापन में धान किसान का निकला**

सूचना मिलने पर समिति में जाकर जांच पड़ताल की गई और किसान के घर जाकर धान का भौतिक सत्यापन किया गया। जहां किसान के द्वारा ही बिक्री के लिए समिति में भेजे गए धान को स्वयं का होना बताया गया है। जिसके पश्चात उक्त किसान के धान की खरीदी की गई। मौका स्थल में पंचनामा भी तैयार किया गया है।

- **उर्मिला गुप्ता**, खाद्य निरीक्षक

**शिकायत पर तत्काल संज्ञान लिया गया**

दो गाड़ी ट्रेक्टर व पिकअप में धान बिक्री के लिए आया था, जिसमें पिकअप में रखे धान के संबंध में एक किसान ने उक्त धान को व्यापारी के होने की सूचना दी। जिस पर तत्काल संज्ञान लेकर विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया। अधिकारियों के जांच पड़ताल पश्चात ही धान की खरीदी की गई। इसके साथ ही बिना टोकन के धान लोड गाड़ी को मेन गेट के अंदर नहीं आने दिया जा रहा है, टोकर के साथ ही गाड़ी अंदर आ सकेगी।

- **तुलेश्वर कौशिक**, समिति प्रबंधक भैसमा

## सड़कों से स्ट्रीट लाइट गायब अंधेरे में हादसे का खतरा



सड़क में लगे खंभों से गायब स्ट्रीट लाइट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री-गोपालपुर की सडक़ पर भारी वाहनों का दबाव दिनभर रहता है। सर्वमंगला-इमलीछापर मार्ग का ज्यादा हिस्सा बन चुका है इसके बाद भी स्ट्रीट लाइट लगाने को लेकर कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। मार्ग पर धूल से परेशानी होती है। शाम के बाद बाइक चालकों को अकसर हादसे की संभावना सताते रहती है।बड़े वाहनों की वजह से उड़ते धूल की वजह से छोटे वाहन चालकों की परेशानी बढ़ गई है। खासकर धूल की दिक्कत ज्यादा हो रही है। इधर इस सबसे महत्वपूर्ण मार्ग पर पूर्व में जो स्ट्रीट लाइटें लगाई गई थी। उनमें ज्यादातर बंद पड़े थे। तो कुछ कबाड़ हो चुके थे। रात के समय इस मार्ग से गुजरने में परेशानी हो जाती थी। स्थानीय लोगों ने इसके लिए आंदोलन भी किया था। इसके बाद एनटीपीसी ने निगम को फंड देने को लेकर सहमति दी थी। कुल 85 लाख रूपए की लागत से दर्री थाने से लेकर गोपालपुर तक की स्ट्रीट लाइटें लगाई जानी थी। अब सडक़ पूरी बन चुकी है, स्ट्रीट लाइटें नहीं लगाई जा सकी है। इसके पीछे वजह बताई जा रही है कि निगम ने अन्य मार्गों पर लाइटें लगा दी है। इस वजह से अब इस मार्ग पर लाइटों को लगाने के लिए निगम के पास फंड की कमी सामने आ रही है।गेरवाघाट से प्रगतिनगर बायपास मार्ग को बने पांच साल से अधिक समय हो चुका है, अब तक इस मार्ग पर स्ट्रीट लाइटें नहीं लगी है। सडक़ सूनसान होने की वजह से अपराधिक वारदात होने का खतरा सताते रहता है। लोग दर्री पश्चिम क्षेत्र में जाने के लिए इस मार्ग का भी आवागमन करते हैं।

# गरीब व जरूरतमन्द लोगों को भोजन कराना पुण्य का काम


हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा लगातार सामाजिक कार्यक्रम में नए नए कीर्तिमान गढे जा रहे हैं इसी कड़ी में हंगर एक्टिविटी के तहत नगर पंचायत छुरी कला के वार्ड न 1 से लेकर वार्ड नं 15 में निवासरत गरीब व जरूरत मन्द परिवारों को भोजन की सेवा दी गई। क्लब के सचिव आशीष अग्रवाल ने बताया की क्लब के द्वारा शुरू से ही गरीब व असहाय लोगो के सुख दुख के बारे में सोचा जाता रहा है जिसके तहत आज छुरी नगर पंचायत में छुरी के ही जुझारू पार्षद श्रीमती मधु अग्रवाल के आतिथ्य में यह आयोजन रखा गया है।

मुख्य अतिथि श्रीमती मधु अग्रवाल ने कहा कि गरीब व जरूरत मन्द नागरिकों को भोजन कराना बहुत ही पूण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया है कि लोग भोजन को जूठा छोड़ देते हैं जिसे फेंकना पड़ता है इसलिए भोजन उतना ही ले थाली में व्यर्थ ना जाये नाली में। अगर घरों में भोजन बच जाता है तो उसे किसी गरीब या जरूरत मन्द को दे दे क्योंकि आपके द्वारा दिये गए भोजन से किसी गरीब का पेट भर जाएगा मुझे काफी खुशी है कि लायन्स क्लब कटघोरा छुरी ने इस प्रकार के सुंदर व नेक आयोजन को हमारे छेत्र में आयोजित किया है इसके लिए मैं पूरी टीम को बधाई देती हूं। भंडारे का पूरा सहयोग क्लब के संरक्षक ला टेकचन्द अग्रवाल के द्वारा किया गया जिसके लिए क्लब के अध्यक्ष अजय धनोंदिया ने धन्यवाद ज्ञज्ञपति किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अजय धनोंदिया, सचिव आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, हुकुमचंद अग्रवाल, टेकचन्द अग्रवाल, मनोज अग्रवाल छुरी, मनोज अग्रवाल मुकेश गोयल, नंदकुमार देवांगन, नितिन मित्तल सहित नगर के सभी प्रबुद्धजनों एव सदस्यों का सहयोग सरहानीय रहा।



गरीबों व जरुरतमंदों को भोजन कराते लायंस।



### बाबा ने लोगों में सामाजिक समरूपता की जगाई अलख

कोरबा। दर्री नीलगिरी बस्ती में गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री लखन देवांगन के सुपुत्र रजनीश देवांगन रहे। उन्होंने कहा कि घासीदास महान संत थे उन्होंने मनखे मनखे एक समान का संदेश देकर सामाजिक समरूपता का अलख जगाया। गुरु घासीदास ने सत्य की तलाश के लिए गिरौदपुरी के जंगल में छाता पहाड़ पर समाधि ली।

### सीईओ ने विशेष पिछड़ी जनजाति के समाज प्रमुखों की ली बैठक

**कोरबा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विश्वदीप ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज विशेष पिछड़ी जनजाति के समाज प्रमुखों की बैठक लेकर उन्हें पीएम जनमन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर जनजाति समाज के प्रमुख परंपरागत बैगा, गुनिया आदि को योजनांतर्गत मिलने वाले विभिन्न लाभ आवास, पानी, बिजली, सड़क, बहुउद्देशीय केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र वन धन विकास केंद्र आदि के विषय में विस्तार से बताया।

# कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज का अधिवेशन सुरेश को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज का त्रिवार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन मारूति मंगलम रायपुर में 23 से 25 दिसंबर को आयोजित हुआ। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में संपूर्ण भारत वर्ष से समाज के लोगों ने सहभागिता निभाई। तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में व्यापार मेला, स्कील डेवलपमेंट के लिए मेहंदी, फोटोग्राफी, बेकरी सहित अन्य लघु उद्योगों का विशेष प्रशिक्षण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। अधिवेशन में संपूर्ण भारत वर्ष से विवाह योग्य युवक-युवतियों ने रजिस्ट्रेशन करा कर विभिन्न गोष्ठियों में भाग लिया। सजातीय विवाह पर बल देने परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। श्री स्वामी नारायण संप्रदाय के प्रसिद्ध संत श्री स्वामी ज्ञान वल्सल ने पारिवारिक सामंजस्य पर विशेष व्याख्यान दिया। इस अवसर पर देश की 16 प्रादेशिक समितियों, 126 घटकों के प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों ने भाग लिया। अधिवेशन में वर्ष 2021 से 2023 त्रिवार्षिक विभिन्न घटकों के कार्यों का आंकलन मूल्यांकन किया गया। इस दौरान कोरबा घटक को समाज के विशिष्ट घटक का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सर्वश्रेष्ठ उल्लेखनीय कार्य के लिए सुरेश चौहान को समाज प्रहरी का राष्ट्रीय पुरस्कार से विभूषित किया गया। समाज के आगामी सत्र के लिए सुरेश चौहान को पुनः राष्ट्रीय मंत्री के रूप में चयन किया गया। इस दौरान विभिन्न घटकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कोरबा घटक से निरिका टांक, तोशल टांक, कृतिका टांक ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। अधिवेशन में कोरबा घटक से अध्यक्ष रविन्द्र टांक, विशाल चावड़ा, कैलाश टांक, अमन टांक, तुषार चौहान, प्रशांत चौहान, चिराग चौहान, लीना टांक, दीपिका टांक, प्रीति चौहान, हेमा चौहान, प्रवीणा चौहान, शिवानी चौहान, प्रीति पढ़ियार, लता वाघेला, चंपा टांक सहित अन्य शामिल हुए।



कार्यक्रम में उपस्थित समाज के सदस्य।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का होगा स्वागत

**कोरबा।** जिले के सभी चारों विधानसभा क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ दौड़ रही है। सभी क्षेत्रों में ग्रामीणजन अपनी समस्याओं को रखते हुए आवेदन जमा कर रहे हैं। आज विकसित भारत संकल्प यात्रा कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तिवरता में पहुंचेगी। यहां पर विधायक प्रेमचंद पटेल, दुष्यंत शर्मा, चुलेश्वर राठौर, हरीश थरवानी, छतलाल यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया जाएगा। रामपुर विधानसभा क्षेत्र के बड़मार में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यकर्ताओं के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

# सतनामी सूर्यवंशी समाज ढेलवाडीह ने मनाई बाबा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

सतनामी सूर्यवंशी समाज कल्याण समिति ढेलवाडीह द्वारा संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई। जिसमें उपस्थित मुख्य अतिथि एवं अतिथिगणों ने बाबा गुरु घासीदास द्वारा दिए हुए संदेशों पर अमल करने हेतु प्रेरित किया।

इस दौरान समाज की एस. एस. महिला मंडल ढेलवाडीह की टीम एवं छोटे-छोटे बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदर संयुक्त पंथी नृत्य का प्रदर्शन किये। प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया एवं रात्रिकालीन में रोहित डहरिया, पामगढ़ द्वारा बाबा के संदेशों पर स्टेज प्रोग्राम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार सूर्यवंशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पधारे मुख्य अतिथि प्रेमचंद पटेल, विधायक, कटघोरा विधानसभा क्षेत्र ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास सत्य के खोजी गुरु हैं उन्होंने गिरोधपुरी के जंगल में कठोर तपस्या कर समाज के सभी लोगों को एक संदेश दिया जिसमें उन्होंने कहा कि मनखे मनखे एक समान है। यहां सभी को इसी धरती पर रहना है और उनके द्वारा दिए गए संदेशों को अमल करते हुए आपसी भाईचारा के साथ रहते हुए छुआ-छूत उच्च- नीच जैसे पाखंड कुरितियों को समाप्त करना चाहिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष एन. के. राय, उपक्षेत्रीय प्रबंधक डीएसबी उपक्षेत्र ने कहां कि गुरु किसी एक विशेष समाज के नहीं वरन समस्त समाज के लोगों का होता है। गुरु सभी के हित में संदेश देता है किसी व्यक्तिगत समाज या इंसान के लिए नहीं। इसीलिए गुरुओं को भगवान से भी ऊंचा दर्जा दिया गया है। विशिष्ट अतिथि आर.पी.खंडे, राष्ट्रीय अध्यक्ष सिस्टा ने कहा कि आज हम सभी समाज के लोग एकत्र होकर बाबा गुरु घासीदास की 267वीं जयंती मना रहे हैं। जयंती मनाने का उद्देश्य है कि हमें हमारे गुरू एवं माता-पिता ने जो समाज एवं देश हित में संदेश दिया है उसे अमल करते हुए कार्य करना चाहिए। तभी इस प्रकार के कार्यक्रम करने का सही मायने हैं। कार्यक्रम में डॉ. श्रीमती उषा धिरहे, एस. आर. खूंटे, के.आर. बिझेकर, श्रीमती राधिका साहू. एल. धैर्य, श्रीमती सुनीता पाटले, के.पी.पाटले, श्रीमती कौशल्या कंवर, श्रीमती हेमलता खूंटे, डी.पी. दिवाकर, नरेंद्र रात्रे के अलावा सतनामी सूर्यवंशी समाज कल्याण समिति ढेलवाडीह के अध्यक्ष एस.एल.हंस, सचिव, दिनेश कुमार बंजारे एवं समस्त पदाधिकारी, सदस्यगण, समस्त श्रम संगठन के पदाधिकारी, ढेलवाडीह कॉलोनी एवं ग्राम पंचायत के सभी प्रबुद्धजन नागरिक, महिलाएं तथा बच्चों की उपस्थिति रही।



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जंगल में आस्था...

सजाने संवारने का काम किया जाएगा और उसे देवगुड़ी के रूप में विकसित किया जाएगा ताकि दोबारा आने वाले लोग भी उस स्थल के बारे में जान सके और पूर्वजों के देवी देवताओं के साथ-साथ उस स्थल की खासियत भी जान सकेंगे। वन विभाग द्वारा फिलहाल सर्वे का काम शुरू किया गया है। आने वाले कुछ महीनो में चिन्हांकित कुल 125 देवगुड़ी को एक बेहतर पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। निश्चित तौर पर विभाग यदि ऐसे स्थानों को संवारने में कामयाब होता है तो आने वाले दिनों में और भी लोग इन स्थलों में पहुंचकर अपनी आस्था जता सकेंगे और जिले के आबोहवा में तैयार होने वाले इस देवगुड़ी में पहुंचकर संस्कृति के बारे में भी जान सकेंगे।

### भवन जर्जर, अब सक्षम ...

343 अति जर्जर है, जिनमें केन्द्रों का संचालन बीते एक वर्ष से बंद है। इन केन्द्रों की जगह नए भवन बनाए जाने के विभाग के प्रस्ताव को आज पर्यंत तक स्वीकृति नहीं मिली है। उसके स्थान पर 700 आंगनबाड़ी केन्द्रों को समक्ष बनाए जाने की योजना लागू कर दी गई। इस योजना के अंतर्गत 343 जर्जर आंगनबाड़ी केन्द्र भवन को नहीं शामिल किया गया है उन केन्द्रों को इस योजना में शामिल किया गया है, जो ठीकठाक सही स्थिति में संचालित है, अर्थात केन्द्र के भवन सही सलामत है। वहीं जर्जर भवन को लेकर शासन ने गंभीरता नहीं दिखाई है। सक्षम बनाए जाने वाली योजना में सभी तरह के सामाग्रियों की सप्लाई के साथ-साथ आंगनबाड़ी केन्द्रों के बगल में बच्चों के लिए गार्डन तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने का प्रस्ताव है। आश्चर्य की बात तो यह है कि 343 केन्द्रों की ओर विभाग का ध्यान नहीं गया और नई योजना पर काम शुरू करने की तैयारी कर दी गई है।

### विवादों में पड़ी अटल...

रजगामार ग्राम पंचायत जिले की ऐसी एकमात्र ग्राम पंचायत है जिसे 2011 की जनगणना में जनगणना नगर घोषित किया गया है। यह दर्जा उन ग्राम पंचायतों को दिया जाता है जिनकी कुल आबादी 10 हजार से अधिक होती है। रजगामार ग्राम पंचायत 1 औद्योगिक क्षेत्र के समीप स्थित होने के कारण विकसित ग्राम पंचायतों में मानी जाती है किंतु सुविधाओं के नाम पर इस ग्राम पंचायत में कोई बड़े विकास कार्य नहीं हो सके हैं।






## खबर संक्षेप

### एसईसीएल अप्रेंटिसों को रोजगार दिलाने सीएम से मिले निर्मलकर

**कोरबा।** भारतीय आईटीआई अप्रेंटिस संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार निर्मलकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात किया। सुशील निर्मलकर ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर एसईसीएल में अप्रेंटिसों को रोजगार के संबंध में आवश्यक पहल करने व निर्देश देने का आग्रह किया। सुशील निर्मलकर ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि एसईसीएल अप्रेंटिसों को रोजगार देने का समझौता हुआ है लेकिन समझौता अनुसार एक भी अप्रेंटिस को रोजगार नहीं दिया गया है। इस समझौता को वे एक वर्ष से ज्यादा समय व्यतीत होने के बाद भी अप्रेंटिसों को रोजगार न देकर प्रबंधन ने हजारों की संख्या में अन्य श्रमिकों की भर्ती की है जबकि एसईसीएल में लगभग 2 लाख से ज्यादा नियमित कर्मचारी रिटायरमेंट हो चुके हैं। वर्तमान में लगभग 35 हजार नियमित कर्मचारी कार्यरत हैं और आउटसोर्सिंग के अंतर्गत 40 से 50 हजार श्रमिक कार्यरत हैं। उसके बावजूद भी एसईसीएल अप्रेंटिसों को रोजगार देने में कोताही बरत रही है जबकि एसईसीएल आईआर हेड बिलासपुर द्वारा मार्च के बाद से रोजगार देने का प्रारंभ करेंगे, यह कहकर संघ को आश्वस्त किया गया था लेकिन अभी तक एक भी अप्रेंटिस को रोजगार नहीं दिया गया है।

### समाज रत्न से अलंकृत हुए चुलेश्वर



**कोरबा।** अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक दिवसीय बैठक ग्वालियर में संपन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि प्रेम नारायण राठौर उद्योगपति, कार्यक्रम के अध्यक्षता देवीलाल राठौर राष्ट्रीय अध्यक्ष, मनोज राठौड़, कृष्ण गोपाल मंचस्थ थे। बैठक में जिले के चुलेश्वर राठौर भी शामिल रहे। श्री राठौर सामाजिक कार्य में उत्तरदायित्व हमेशा सामाजिक कार्यों में रुचि रखते हैं, सहयोग करते हैं। उनके उत्कृष्ट समाज सेवाओं को ध्यान में रखते हुए समाज रत्न उपाधि के अलंकार से विभूषित किया। श्री राठौर समाज के साथ-साथ एक छोटे से गांव में निवासरथ सामाजिक सेवाओं के लिए तत्पर रहते हैं।

### ललित बने जिला केवट निषाद समाज के जिला अध्यक्ष



**कोरबा।** छग केंवट निषाद समाज कोरबा जिला के लिए नये संगठन का चुनाव संपन्न हुआ। नये संगठन के चुनाव के लिए कोरबा बुधवारी केवट भवन सलोरा, दीपका, बरपाली, तिलकेजा में पोलिंग बूथ बना कर 54 इकाई संगठनों से 10-10 मतदाताओं ने अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, महिला अध्यक्ष एवं युवा अध्यक्ष का चुनाव वोट देकर किया। जहां तिलकेजा निवासी ललित कुमार कैवर्त जिला अध्यक्ष के लिए विजयी रहे। वहीं महासचिव के लिए सुमेधा निवासी किशन लाल कैवर्त कोषाध्यक्ष के लिए कोरबा पुरानी बस्ती से संतोष कुमार कैवर्त, महिला अध्यक्ष के लिए एनटीपीसी कोरबा निवासी श्रीमति पूनम कैवर्त एवं युवा अध्यक्ष के लिए सलोरा निवासी जितेंद्र कुमार कैवर्त विजयी रहे। चुनाव के पश्चात विजयी प्रत्याशियों को रायपुर प्रदेश संगठन से पर्यवेक्षक अशोक निषाद आदि ने प्रमाण पत्र दिया।

### मुनगाडीह स्कूल का नाम शहीद शत्रुहन करने ग्रामीणों ने की मांग



**कोरबा।** भारत-पाक युद्ध 1971 में वीरगति को प्राप्त ग्रामीण मुनगाडीह के वीर सपूत शत्रुघ्न प्रसाद डिक्सेना के शहादत दिवस 24 दिसंबर पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए ग्रामीणों ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मुनगाडीह का नाम वीर शहीद के नाम पर रखने की मांग की। शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामदयाल उइके ने ग्रामीणों की इस मांग पर यथासंभव कार्यवाही का आश्वासन दिलाया। अपने उद्बोधन में कहा कि देशभक्ति को राष्ट्रीय सेवा का प्रथम आधार स्तम्भ है। उन्होंने ग्रामवासियों से गौरवशाली मानव जीवन के लिए सदैव सत्य, न्याय व धर्म के पथ पर संकल्प के साथ चलने व एक दूसरे के मध्य आपस में प्रेम-स्नेह,भाईचारा के साथ रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट श्याम लाल मरावी, रूप विलास गोस्वामी, कीर्ति कश्यप, उपसरपंच निर्मल डिक्सेना, पंच विकास, अन्नू डिक्सेना, दीपक जायसवाल, सूरज जायसवाल ,गजेन्द्र डिक्सेना, बबरीक प्रजापति, शिवपाल नेटी, लक्ष्मी श्रीवास,सन्तराम डिक्सेना, कन्हैयालाल, महेश डिक्सेना, अमृत बाई, सन्तोष दास कोटवार, चंद्रिका प्रसाद, बाबू लाल नैतिक, ईश्वर श्याम, हरीश, शुभम डिक्सेना, भीम श्रीवास सहित बड़ी संख्या ग्रामीण उपस्थित रहे।

### संचालनालय चिकित्सा विभाग के संचालक ने तीन दिनों के भीतर मांगा जवाब

# टेंडर में गड़बड़ी की शिकायत, मेडिकल कॉलेज के डीन को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों के लिए भोजन व्यवस्था हेतु जारी किए गए निविदा को लेकर इसमें भाग लेने वाली एक फर्म ने गड़बड़ी उजागर करते हुए शासन से शिकायत किया है। इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अंतःरोगी मरीजों व जेएसएस के अंतर्गत प्रसूताओं को भोजन प्रदाय करने के संबंध में डाइट्री सर्विस हेतु आमंत्रित निविदा की शिकायत पर पत्र का अवलोकन, परीक्षण कर तीन दिवस के भीतर स्पष्ट अभिमत सहित बिन्दुवार जानकारी प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं। तत्संबंध में राज्य सरकार के संचालनालय चिकित्सा विभाग के संचालक द्वारा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कोरबा के डीन को पत्र जारी कर तीन बिन्दुओं पर किये गए शिकायत पर बिन्दुवार जानकारी संचालक चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़ को भेजना सुनिश्चित करनें कहा गया है।

**खास बात**

- मरीजों के भोजन के टेंडर में बार बार शर्तें बदलने का मामला



फाइल फोटो

जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों की भोजन सेवा के काम के लिए टेंडर जारी किया गया है। इसकी शर्तें बार-बार बदली जा रही हैं। दो फर्मों ने नियमानुसार जीएसटी सार्टिफिकेट भी जमा नहीं किए हैं, फिर भी उन्हें वर्क ऑर्डर जारी करने के नियम विरुद्ध प्रयास किया जा रहा है। इन अनियमितताओं को चिन्हित करते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त और उपमुख्यमंत्री अरुण साव को पत्र लिखा गया है। जिला चिकित्सालय में सेवा दे रही कोरबा की मौजूदा फर्म लाइफ लाइन कैंटीन एंड रेस्टोरेंट की ओर से विभाग के आयुक्त और उप मुख्यमंत्री अरुण साव को पत्र लिखा गया है। पत्र के अनुसार निविदा की शर्तें देखकर प्रतीत हो रहा है कि किसी विशेष फर्म को लाभ पहुंचाने की कोशिश संस्था द्वारा की जा रही है। निविदा की शर्तें बार बार बदली जा रही है और कुछ अनिवार्य दस्तावेज जमा नहीं करने पर ब्लैक लिस्टेड करने की बजाय एल 1 और कार्यादेश जारी करने की कोशिश से प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मौजूदा फर्म ने इस प्रकार के अनुचित प्रयास पर रोक लगाते हुए वर्तमान सत्र तक भोजन प्रदाय सेवा जारी रखे जाने की गुजारिश की है। पूर्व में तीन बार यह निविदा जारी की जा चुकी है। जिसमे लगने वाले दस्तावेज नियम व शर्तों को बार-बार बदला गया है। जैसा कि पहले दो निविदाओं में (डाइट सर्विस) से संबंधित सारे दस्तावेज मंगाए गए थे। तीसरी निविदा में (डाटरीय सर्विस) से संबंधित सारे दस्तावेज मंगाए गए थे। इस प्रकार तीनों निविदाओं में नियम व शर्तों को बदलने से ऐसा प्रतीत होता है कि संस्था द्वारा किसी विशेष फर्म को लाभ पहुंचाने के लिए निविदा में परिवर्तन कर निविदा जारी कि गई है। नियमानुसार भोजन प्रदाय करने के लिए (सेम नेचर वर्क) के दस्तावेज मंगाए जाने थे।

**ब्लैक लिस्ट के बजाय एल-1 करने का प्रयास**

विभाग द्वारा निकाली गई निविदा में जमा करने की तिथि 31 अक्टूबर थी, जो कि अस्पताल के लिए भोजन व्यवस्था (डाइटरी सर्विस) के लिए निकाली गई थी। उस निविदा में दो पात्र फर्मों जिनमें पहला फिलिप्स केटरर्स एवं दूसरी फर्म जलाराम भोजनालय रायपुर, इन दोनों फर्मों ने शासन को गुमराह करने के उद्देश्य से जीएसटी सर्टिफिकेट (डाइटरी सर्विस) से संबंधित दस्तावेज जमा नहीं किया है। अतः विभाग द्वारा इन फर्मों को ब्लैक लिस्टेड करने के बजाय उन्हें एल-1 तथा कार्यादेश जारी करने का प्रयास किया जा रहा है।

**बिना प्रावधान मांग रहे एचएसएन कोड**

निविदा में जीएसटी से संबंधित डाइटरी सर्विस आपके नियम एवं शर्तों की कंडिका क्रमांक -4 के अनुसार जिस सामाग्री के लिए निविदा किया जा रहा है उसका जीएसटी नंबर का होना अनिवार्य है। हमारी जानकारी और तथ्यों के अनुसार जीएसटी भारत सरकार द्वारा डाइटरी सर्विस से सबंधित किसी भी प्रकार का एचएस एन कोड जारी नहीं किया गया है। जो चीज पैदा ही नहीं हुई है, उससे संबंधित (यानी डाइटरी सर्विस) के लिए निविदा कैसे जारी की जा सकती है। निविदा ही पूर्ण रूप से गलत है। डिप्टी सीएम से निवेदन किया गया है कि मार्च 2024 तक हमारी फर्म, जो अभी भोजन प्रदाय का कार्य कर रही है उसे यथावत रखा जाए। यह भी लिखा गया है कि आगामी निविदा सही नियम एवं शर्तो के साथ बिना भेदभाव के जारी करने का कष्ट करें।

# राख से भरे ट्रक को बाइक ने मारी टक्कर, गंभीर चक्काजाम


ग्रामीणों को समझाइश देते सिविल लाइन थाना प्रभारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राख के परिवहन में लगी भारी वाहन सड़कों पर बेतरतीब दौड़ रहे हैं जिसकी वजह से लगातार हादसे हो रहे हैं। गुरुवार को फिर से रिस्दी-बरबसपुर बायपास मार्ग पर नकटीखार गांव के पास राख से लोड ट्रक ने एक बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक चालक गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे से ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। पुलिस के अफसर जब मौके पर पहुंचे तब जाकर चक्काजाम समाप्त हुआ।

जानकारी के अनुसार उरगा से कोरबा आने के दौरान रिस्दी बरबसपुर मार्ग पर ग्राम नकटीखार के पास राख से लोड ट्रक चालक ने बाइक सवार को युवक को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में युवक का सिर फट गया जिसे गंभीर हालत में अस्पताल दाखिल कराया गया है। दुर्घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने मौके पर चक्काजाम कर दिया। बताया जाता है कि उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लालीमाटी निवासी राजेश यादव बाइक में सवार होकर अपनी बहन को देखने के लिए जिला अस्पताल जा रहा था कि इस बीच वह नकटीखार के समीप पहुंचा था कि राखड़ से भरी ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसके बाद राखड़ परिवहन में लगे ट्रक का चालक मौके से भाग निकला। हादसे के होते ही लोग सड़क पर उतर गए और चक्काजाम कर दिया। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि राख से लोड भारी वाहन तेज रफ्तार से सड़कों पर दौड़ रहे हैं। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीणों की मांग थी कि राख से भरी ट्रक का परिवहन रात को 10 बजे से सुबह 6 बजे के तक किया जाए और सड़क पर जगह जगह स्पीड ब्रेकर बनाया जाए। चक्काजाम की सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक व सिविल लाइन थाना प्रभारी किरण गुप्ता दल बल सहित मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश दी तब जाकर मामला शांत हुआ।

# एसईसीएल का सुश्रुत अब बच्चों को देगा नीट के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अब एसईसीएल अपने सामाजिक कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए निःशुल्क आवासीय मेडिकल कोचिंग प्रदान करेगा। एसईसीएल के सुश्रुत नामक एक सीएसआर की पहल शुरु की है। जिसके तहत बच्चे निःशुल्क कोचिंग प्राप्त कर मेडिकल संस्थान में प्रवेश ले सकेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को राष्ट्रीय मेडिकल प्रवेश परीक्षा, एनईईटी की तैयारी में सहायता करते हुए मार्गदर्शन और कोचिंग प्रदान करना है।

**खास बात**

- एसईसीएल प्रतिष्ठान के 25 किमी के दायरे में आने वाले छात्रों को मिलेगा लाभ

एसईसीएल के इस कदम से आर्थिक रूप से वंचित छात्रों को बहुत फायदा होगा। खासकर प्रदेश के कोयला बेल्ट क्षेत्रों में स्थित गांवों के छात्रों को, जो डॉक्टर बनने की इच्छा रखते हैं लेकिन मेडिकल कोचिंग का खर्च उठाने के लिए संघर्ष करते हैं। कोचिंग कार्यक्रम के लिए चयन प्रक्रिया एक प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से आयोजित की जाएगी जो नीट के समान पैटर्न का पालन करेगी। 35 छात्रों के एक बैच को कोचिंग प्रदान करने के लिए बिलासपुर स्थित एक निजी कोचिंग संस्थान के साथ सहयोग करेगी। कार्यक्रम में एक आवासीय सेटअप शामिल होगा, जो नियमित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षण श्रृंखला, सलाह और व्यापक आवास और बोर्डिंग सुविधाओं से परिपूर्ण होगा। विस्तृत नियम और शर्तों तक पहुंचने और कार्यक्रम के लिए पंजीकरण करने के लिए, छात्रों को एसईसीएल की वेबसाइट ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

**60 प्रतिशत से उपर वाले होंगे पात्र**

कोचिंग के लिए पात्र होने के लिए, छात्र को न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ 2023 में 12वीं कक्षा सफलतापूर्वक पूरी करनी होगी। आवेदक को मध्य प्रदेश या छत्तीसगढ़ का निवासी होना चाहिए और उनका निवास या स्कूल कोरबा, रायगढ़, कोरिया, सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर और मनेंद्रगढ़-चिरमिरी के ऑपरेटिंग जिलों में एसईसीएल प्रतिष्ठान के 25 किमी के दायरे में स्थित होना चाहिए। आवेदक के माता-पिता, अभिभावकों की सकल आय 8 लाख रुपये प्रति वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**आरक्षित रहेंगी सीटें**

कोचिंग कार्यक्रम में प्रवेश से पहले उपयुक्त सरकारी प्राधिकारी से आय प्रमाण पत्र, गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) कार्ड, अंत्योदय अन्न योजना कार्ड में पंजीकृत माता-पिता या वार्ड का नाम का आयकर रिटर्न जमा करना होगा। कोयला मंत्रालय की नीति के अनुसार, कोचिंग आरक्षण भी सीटों का एक विशिष्ट प्रतिशत आवंटित करेगा। आरक्षण में एससी के लिए 14 प्रतिशत सीटें, एसटी के लिए 23 प्रतिशत सीटें और ओबीसी के लिए 13 प्रतिशत सीटें शामिल होंगी

# सूने मकान में चोरों ने बोला धावा, लाखों का ले उड़े माल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर अलमारी में रखे एक लाख रुपए नकदी रकम और सोने के जेवरातों की चोरी कर ली है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंची। जांच पड़ताल के दौरान एक संदेही को हिरासत में लिया गया जिससे पूछताछ की जा गई।

सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत पथर्रीपारा स्थित एक मकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया है। गुरुवार की रात घर पर जब कोई नहीं था तब चोरों ने घर का दरवाजा तोड़ा फिर भीतर घुसे। अलमारी का लॉकर तोड़कर उसके अंदर रखे एक लाख रुपए नकदी रकम और सोने के जेवरातों की चोरी कर ली। शुक्रवार की सुबह जब घटना की जानकारी हुई तब पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने डॉग स्क्वाड के माध्यम से जांच पड़ताल शुरु की।


आलमारी को तोड़कर चोरों ने किया माल पार।

जांच के दौरान पुलिस के हाथ एक संदेही लगा है जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज लिया है और जांच जारी है।

### युवक से मोबाइल की लूट

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर में दिनदहाड़े मोबाइल लूटने की घटना हुई। विशाल होंडा में काम करने वाले मनीष सोनी को इस रास्ते पर बाइक सवार तीन युवकों ने रोका और मारपीट करने के साथ मोबाइल लूट लिया। तेज सिंह मोटर ड्राइविंग स्कूल के सामने घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भाग खड़े हुए। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों की बाइक का नंबर प्लेट कपड़े से ढका हुआ था। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उनकी खोजबीन शुरु कर दी है।

# निगम ने सी एण्ड डी वेस्ट पर लगाया गया अर्थदण्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम द्वारा जोनांतर्गत स्थित पुरानी बस्ती, मिशन रोड, पावर हाउस रोड में सी एण्ड डी वेस्ट को सड़क किनारे डम्प किए जाने पर 3 व्यक्ति पर 2500 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित कर यह राशि वसूली गई।

उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने निगम के अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे शहर को साफ-सुथरा बनाये रखने हेतु सी एण्ड डी वेस्ट के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता अखिलेश शुक्ला ने कोरबा जोन का दौरा किया तथा भ्रमण के दौरान सी एण्ड डी वेस्ट डम्पिंग पर नाराजगी जाहिर करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश कर्मचारियों को दिए। गुरूवार को कोरबा जोन अंतर्गत सी एण्ड डी वेस्ट टीम के उप अभियंता अश्वनी दास, सुनील गुप्ता, अनिल राम के साथ ही राजस्व निरीक्षकों ने स्थल पर पहुंचकर 3 व्यक्तियों पर 2500 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया तथा सी एण्ड डी वेस्ट को हटाने की कार्यवाही करने को कहा। निगम के आम जनता से अपील की है कि सी एण्ड डी वेस्ट को रोड के किनारे अनावश्यक रूप से न फैलाए जिससे गदंगी फैलती है और साथ ही साथ आवागमन में अवरोध उत्पन्न होती है। अतः आप सी एण्ड डी से निकलने वाले अनावश्यक मलवे ज्यादा समय तक सड़क पर न रखें। इसी प्रकार निगम में सेवा शुल्क जमा कराकर सी एण्ड डी वेस्ट को हटवाने की सुविधा दी गई है, जिसका आमनागरिक लाभ उठाएं।


सी एण्ड डी वेस्ट उठाता निगम अमला।

### वीरता पुरस्कार से नवाजे गए जिले के अमर ज्योति



**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर के राज्य अतिथि गृह पहुना में वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रदेश के 04 वीर बालक-बालिकाओं को उनके साहसिक व वीरतापूर्ण कार्य के लिए सम्मानित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कोरबा के अमर ज्योति जाहिरे, महासमुंद की छाया विश्वकर्मा, धमतरी की जानवी राजपूत और धमतरी के भामेश्वरी निर्मलकर को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई की और राज्य शासन की ओर से चारों वीर बालक-बालिका को 50-50 हजार रूपए दिए जाने की घोषणा की।

### जमीन अधिग्रहण के बदले वर्तमान बाजार दर पर मुआवजा की मांग

**कोरबा।** एसईसीएल की दीपका खदान विस्तार से प्रभावित होने वाले ग्राम मलगांव के लोगों ने जमीन अधिग्रहण के बदले वर्तमान बाजार दर पर मुआवजा मांगा है। इसमें मदद के लिए विधायक से मांग की है।अपनी मांगों को लेकर ग्राम मलगांव के लोग बड़ी संख्या में क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल से मुलाकात की। विधायक को गांव की समस्या बताते हुए निराकरण के लिए हस्तक्षेप की मांग किया। विधायक ने नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन किया। बताया जाता है कि दीपका प्रबंधन ने खदान विस्तार के लिए 2004 में गांव की जमीन का अधिग्रहण किया था। प्रबंधन इस जमीन पर काबिज होना चाहता है। इसके लिए यहां स्थित मकानों को हटाने की कोशिश कर रहा है। इसके लिए मुआवजा प्रकरण तैयार किया है। मगर गांव के लोग मुआवजा नहीं ले रहे हैं। ग्रामीण वर्तमान मूल्य पर मुआजवा की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा मकानों के सर्वे और मुआवजा निर्धारण को लेकर भी प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच पेंच फंसा हुआ है।







